# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

**पत्रांकः आर०एम०पी०यू०/ | | 68/2025** **दिनांकः- 06 जून, 2025**

**सेवा में,**

**प्राचार्य/प्रबंधक**
समस्त सम्बद्ध बी0एड0, बी0पी0एड0, एम0एड0 महाविद्यालय,
राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

**महोदय / महोदया,**

आपके महाविद्यालय में संचालित स्थायी/अस्थायी बी0एड0 पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दुओं से सम्बन्धित सूचनाओं की विश्वविद्यालय को आवश्यकता हैः-

1. संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम की सम्बद्धता की अद्यतन स्थिति।
2. एन0सी0टी0ई0 द्वारा जारी Recognition Letter एवं Revised Letter की प्रमाणित फोटो प्रति।
3. एन0सी0टी0ई0 रेगुलेशन 2014 के अनुसार विश्वविद्यालय से शिक्षक अनुमोदन कराने का पत्र तथा यदि एन0सी0टी0ई0 रेगुलेशन 2014 के अनुसार शिक्षक महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय से अनुमोदित नही करायें गये हैं तो नियमानुसार दिनांक 15 जून, 2025 तक करा लें उक्त तिथि के उपरान्त अनुमोदित शिक्षकों की पत्रावली पर सत्र 2025-26 हेतु विचार नहीं किया जायेगा।
4. अनुमोदित शिक्षकों का दिनांक 01.01.2024 से 15.04.2025 तक का वेतन भुगतान का बैंक द्वारा प्रमाणित प्रमाण।
5. शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका की प्रमाणित प्रति एवं मोबाइल नं0 अपेक्षित है।प्रबन्ध समिति की अनुमोदन की अद्यतन स्थिति।
6. Performance Appraisal Report (PAR) भरें जाने का प्रमाणित प्रमाण।

अतः उपरोक्त से अवगत होते हुये वांछित सूचना प्रमाणित प्रपत्रों के साथ दिनांक 15.06.2025 तक विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय स्तर से किसी भी कार्यवाही के लिये महाविद्यालय प्रबन्धन स्वयं जिम्मेदार होगा।

**भवदीय**
06-06-2025
**( धीरेन्द्र कुमार )**
**कुलसचिव।**

**<u>पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक : उपरोक्त।</u>**

**प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-**

1. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. परीक्षा नियंत्रक, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. कुलसचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
4. निजी सचिव, मा० कुलपति जी, मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. सम्बन्धित पत्रावली ।

**कुलसचिव।**